राजस्थान सरकार
निदेशालय, कोष एवं लेखा, राज., जयपुर

क्रमांक : एफ.3(ख)वी–3215 / 2013 / अलेसे–II / 684 दिनांक :– 12/05/2025

कार्यालय आदेश

निदेशालय के आदेश क्रमांक 5444 दिनांक 15.01.2025 के द्वारा श्री विक्रम सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का स्थानान्तरण जिला परिषद, झुन्झुनू से पंचायत समिति, उदयपुरवाटी सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर किया गया था। उक्त पद पर पूर्व में कार्यरत श्री विश्वनाथ खटीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नीमकाथाना में किया गया था। श्री विश्वनाथ खटीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I द्वारा उक्त स्थानान्तरण पर राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर से स्थगन प्राप्त कर लिये जाने के कारण श्री विक्रम सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का माह फरवरी, 2025 का वेतन कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ), झुन्झुनू से आहरण करने की एतदद्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक : एफ.3(ख)वी–3215 / 2013 / अलेसे–II / 684 दिनांक :– 12/05/2025

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. ब्लॉक विकास अधिकारी, पंचायत समिति, उदयपुरवाटी को प्रेषित कर लेख है कि कार्मिक का गत भुगतान प्रमाण पत्र एवं सेवा पुस्तिका इत्यादि मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ), झुन्झुनू को भिजवाने की व्यवस्था करावें।
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ), झुन्झुनू को प्रेषित कर लेख है कि कार्मिक का गत भुगतान प्रमाण पत्र एवं सेवा पुस्तिका इत्यादि प्राप्त होने पर नियमानुसार वेतन भुगतान की व्यवस्था करवाने का श्रम करावें।
3. कोषाधिकारी, झुन्झुनू।
4. श्री विक्रम सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय ब्लॉक विकास अधिकारी, पंचायत समिति, उदयपुरवाटी।
5. वरिष्ठ निजी सचिव निदेशक महोदय।
6. उप निदेशक(एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. पदस्थापन सीट / वरिष्ठता सीट / गोपनीय शाखा।

(सीमा कौशल)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II / III)